भारत रत्न डा बी.आर.
अम्बेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली

Bharat Ratna Dr B.R.
Ambedkar University, Delhi

## दो-दिवसीय हिन्दी महोत्सव 2021- 2022

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली में दो-दिवसीय हिन्दी महोत्सव का ऑनलाइन आयोजन दिनांक 13 और 14 सितम्बर 2021 को किया जा रहा है | दिनांक 13 सितंबर को अंबेडकर विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन तीन प्रतियोगिताएँ ; वाद –विवाद, स्वरचित काव्य पाठ एवं तात्कालिक - भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं | इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी प्राप्तकर्ताओं को पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी | आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं का विवरण इस प्रकार है –

वाद-विवाद, स्वरचित काव्य एवं तात्कालिक - भाषण प्रतियोगितायें अम्बेडकर विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग आयोजित की जाएंगी | इसमें प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी | यह पुरस्कार (प्रथम -5000/- द्वितीय-3000, तृतीय- 2000/-) राशि विद्यार्थियों को प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए अलग-अलग प्रदान की जाएगी |

- **वाद-विवाद प्रतियोगिता;** वाद-विवाद प्रतियोगिता दिनांक – 13/09/2021 को प्रातः - 10:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक ऑनलाइन आयोजित की जाएगी | वाद- विवाद का विषय **"बदलते परिवेश में हिन्दी की उपादेयता"** है | प्रतियोगी विषय के पक्ष या विपक्ष में अपने विचार रख सकते हैं | प्रत्येक प्रतियोगी को अपनी बात रखने के लिए **7 मिनट** का समय दिया जाएगा |
- **स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता;** स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता दिनांक – 13/09/2021 को मध्याह्न-12.30 बजे से 2.30 बजे तक ऑनलाइन आयोजित की जाएगी | इस प्रतियोगिता में आप किसी भी विषय पर अपनी स्वरचित कविता का पाठ कर सकते हैं | प्रत्येक प्रतियोगी को 7 मिनट का समय अपनी कविता के विषय में बताने और कविता पाठ करने के लिए दिया जाएगा | अगर प्रतियोगिता के दौरान या उसके बाद यह पाया गया कि कविता प्रतियोगी की मौलिक रचना नहीं है तो उसकी प्रतिभागिता एवं पुरस्कार दोनों को रद्द कर दिया जाएगा | कृपया इसमें अपनी स्वरचित एवं मौलिक कविताओं का ही पाठ करें |

Scanned with CamScanner

- <u>तात्कालिक- भाषण प्रतियोगिता;</u> तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता दिनांक — 13/09/2021 को मध्याह्न 3.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक ऑनलाइन आयोजित की जाएगी | इस प्रतियोगिता में प्रतियोगियों को विषय तत्काल ही दिये जाएँगे जिस पर हर प्रतियोगी को 7 मिनट का समय अपनी बात रखने के लिए दिया जाएगा |

**नोट:- इच्छुक प्रतिभागी दिनांक 11/09/2021 तक अपनी पूरी जानकारी (नाम, कोर्स, वर्ष, अनुक्रमांक, परिसर, किस प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक हैं ) डॉ.निकिता जैन को <u>njain@aud.ac.in</u> पर भेज दें | ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के लिंक प्रतियोगिता से एक दिन पहले एयूडी की साइट पर उपलब्ध करा दिये जाएंगे |**

<u>14 सितम्बर को आयोजित होने वाले सम्मेलनों का विवरण -</u> 14 सितम्बर 2021 के प्रथम सत्र में "नयी शिक्षा नीति और हिन्दी भाषा" पर एक संगोष्ठी आयोजित की जाएगी जिसका उद्घाटन अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली की माननीय कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर द्वारा किया जाएगा | इस सत्र में अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुल सचिव एवं उपस्थित अतिथि विद्वानों द्वारा हिन्दी दिवस के संदर्भ में वक्तव्य दिये जाएँगे| द्वितीय सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें अतिथि कविगण अपनी कविताओं का पाठ करेंगे | कोरोना प्रोटोकॉल के चलते अंबेडकर विश्वविद्यालय के सभी अध्यापकों/ विद्यार्थियों/अधिकारियों के लिए यह व्यवस्था की जाएगी कि वह इस सम्मेलन में ऑनलाइन उपस्थित होकर इसका लाभ ले सकें |

प्रो. सत्यकेतु सांकृत

संकायाध्यक्ष, साहित्य अध्ययन पीठ

अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली

डीन / DEAN
स्कूल ऑफ लेटर्स
School of Letters
डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली
Dr. B. R. Ambedkar University Delhi
लोथियान रोड, कश्मीरी गेट, दिल्ली-110006
Lothian Road, Kashmere Gate, Delhi-110006
वेबसाइट / website : www.aud.ac.in

Scanned with CamScanner